# सीडीएस रावत व पत्नी मधुलिका की अस्थियां बेटियों ने की गंगा में विसर्जित

**संवाददाता** हरिद्वार। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और मधुलिका रावत की बेटियों कृतिका और तारिणी ने माता–पिता की अस्थियों को आज हरिद्वार में गंगा नदी में विसर्जित किया। बेटियों ने नम आंखों से अस्थियों को नमन किया और गंगा में विसर्जित किया। तीर्थ पुरोहित आदित्य वशिष्ठ की ओर से अस्थियों का विसर्जन कराया गया।

जनरल बिपिन रावत अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को पंच तत्व में लीन हो गए थे। राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली कैंट में जनरल रावत और उनकी पत्नी मधुलिका का अंतिम संस्कार किया गया। सैन्य सम्मान और विधि विधान के साथ जनरल बिपिन रावत और मधुलिका



रावत की अस्थियां गंगा में विसर्जित की गई। जनरल रावत की दोनों बेटियों कृतिका एवं तारिणी ने अपने पिता एवं मां की अस्थियों को गंगा में प्रवाहित किया। रावत परिवार के हरिद्वार पहुंचने पर पंडितों ने गंगा घाट पर पारंपरिक पूजन किया, इसके बाद अस्थियां गंगा में प्रवाहित हुईं।

विधानसभा अध्यक्ष ने जनरल बिपिन रावत की दोनों पुत्रियों से एवं परिजनों से मिलकर अपनी सांत्वना व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश ने एक रक्षा रणनीतिकार और सच्चे देशभक्त को खो दिया है। मैं जनरल रावत को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सलाम करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीआईपी घाट पहुंचकर सीडीएस रावत की दोनों बेटियों से मुलाकात की और फिर रवाना हो गए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, हरिद्वार मेयर अनीता शर्मा, ऋषिकेश मेयर अनीता ममगाईं आदि मौजूद रहे।


## अल्पकालीन निविदा सूचना

जिला पंचायत पौड़ी के वर्ष 2020–21 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, पौड़ी गढ़वाल के ग्रामीण क्षेत्रों के अन्तर्गत 15वॉ वित्त के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित सोलर लाइट स्थापना कार्यो के सम्पादन हेतु दिनांक 15–12–2021 को 2.00 बजे तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर टेण्डर प्राप्त किये जा सकते है। जो कि दिनांक 16–12–2021 को 3.00 बजे सांय सीलबन्द निविदायें कार्यालय में जमा की जायेगी। जो कि उसी दिन 4.00 बजे सांय निविदादाताओं के सम्मुख खोले जायेंगे। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत पौड़ी के नाम से बन्धक) एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में एवं 100.00 रू0 नौज्यूडिस्यल स्टाम्प निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगी, ठेकेदारों का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है। तथा अन्य शर्ते कार्यालय दिवस में किसी भी दिन को देखा जा सकता है।

| क्र. सं | योजना का नाम | वि0ख0 | धनराशि | धरोहर धनराशि | टेण्डर फार्म का मूल्य+ जी0एस0 टी0 | दिन कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला पंचायत क्षेत्र गवाड के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | खिर्सू | 2.00 | 4000 | 200 | 30 |
| 2 | जिला पंचायत क्षेत्र डोम श्रीकोट के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पौड़ी | 2.00 | 4000 | 200 | 30 |
| 3 | जिला पंचायत क्षेत्र गडकोट के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | कल्जीखाल | 3.00 | 6000 | 300 | 30 |
| 4 | जिला पंचायत क्षेत्र कर्तिया के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | रिखणीखाल | 3.00 | 6000 | 300 | 30 |
| 5 | जिला पंचायत क्षेत्र गूमालगांव के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | यमकेश्वर | 4.00 | 8000 | 400 | 30 |
| 6 | जिला पंचायत क्षेत्र नौडी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | थलीसैण | 4.00 | 8000 | 400 | 30 |
| 7 | जिला पंचायत क्षेत्र जहरी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | जहरीखाल | 4.00 | 8000 | 400 | 30 |
| 8 | जिला पंचायत क्षेत्र बिलकोट के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | नैनीडांडा | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 9 | जिला पंचायत क्षेत्र सीला के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | दुगड्डा | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 10 | जिला पंचायत क्षेत्र कुल्हाड के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | द्वारीखाल | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 11 | जिला पंचायत क्षेत्र गडरी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पोखडा | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 12 | जिला पंचायत क्षेत्र सीला मल्ली के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | वीरोखाल | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 13 | जिला पंचायत क्षेत्र कैन्यूर के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | थलीसैण | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 14 | जिला पंचायत क्षेत्र धौलकण्डी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | कोट | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 15 | जिला पंचायत क्षेत्र भरनौ के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | थलीसैण | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 16 | जिला पंचायत क्षेत्र कालो के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पाबौ | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 17 | जिला पंचायत क्षेत्र खिर्सू के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | खिर्सू | 8.00 | 16000 | 1600 | 30 |
| 18 | जिला पंचायत क्षेत्र कलूंड के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पाबौ | 4.00 | 8000 | 800 | 30 |
| 19 | जिला पंचायत क्षेत्र ल्वाली के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पौड़ी | 3.00 | 6000 | 600 | 30 |
| 20 | जिला पंचायत क्षेत्र भादसी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | यमकेश्वर | 4.00 | 8000 | 800 | 30 |
| 21 | जिला पंचायत क्षेत्र धारी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | कल्जीखाल | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 22 | जिला पंचायत क्षेत्र उमरोली के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | यमकेश्वर | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 23 | जिला पंचायत क्षेत्र सुराडी के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | द्वारीखाल | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 24 | जिला पंचायत क्षेत्र टसीला के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | जहरीखाल | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 25 | जिला पंचायत क्षेत्र पोखड़ा के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पोखडा | 5.50 | 11000 | 1100 | 30 |
| 26 | जिला पंचायत क्षेत्र बाडाडांडा के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | वीरोखाल | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 27 | जिला पंचायत क्षेत्र खण्डुली के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | पावी | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 28 | जिला पंचायत क्षेत्र बडैथ के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | थलीसैण | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 29 | जिला पंचायत क्षेत्र 2 के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | खिर्सू | 10.00 | 20000 | 2000 | 30 |
| 30 | जिला पंचायत क्षेत्र स्वीत के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | खिर्सू | 10.00 | 20000 | 2000 | 30 |
| 31 | जिला पंचायत क्षेत्र टीला के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | थलीसैण | 6.00 | 12000 | 1200 | 30 |
| 32 | जिला पंचायत क्षेत्र अन्दरोली के अन्तर्गत पथ प्रकाश कार्य | नैनीडांडा | 3.00 | 6000 | 600 | 30 |
| 33 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत कुण्डी में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 2.00 | 4000 | 400 | 30 |
| 34 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत बकरोडा में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 35 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत सेम्मन पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |
| 36 | विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत चपरोली में पथ प्रकाश कार्य | कोट | 1.00 | 2000 | 200 | 30 |

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत पौड़ी गढ़वाल।


# अनुबंध निरस्त होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**मांग**

अस्पताल को पीपीपी मोड पर दिए जाने को लेकर यूकेडी जिलाध्यक्ष अनशन पर

**संवाददाता**
देहरादून। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोईवाला का अनुबंध निरस्त कराने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में अब उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष संजय डोभाल आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। गौरतलब है कि आंदोलन के 18 वें दिन अनशनकारी केंद्रपाल तोपवाल और गिरधारी लाल नैथानी को पुलिस प्रशासन ने जबरन उठाकर देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कर दिया था। आंदोलन को जारी रखते हुए अब उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष संजय डोभाल अनशन पर बैठ गए हैं।

अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक बड़ी सभा का आयोजन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और संकल्प किया कि अनुबंध निरस्त होने तक आंदोलन जारी रहेगा तथा आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उत्तराखंड क्रांति दल के डोईवाला प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि सरकार का दमन उनके हौसले नहीं डिगा सकता। उन्होंने कहा कि या तो पीपीपी मोड रहेगा या तो आत्म बलिदान कर देंगे। उत्तराखंड क्रांति दल के नगर अध्यक्ष राकेश तोपवाल और नगर उपाध्यक्ष पेशकार गौतम ने सरकार की हठधर्मिता के खिलाफ सभी कार्यकर्ताओं से शहर मे जुलूस निकालने का ऐलान किया।

उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष संजय डोभाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को धोखे में रखकर इस अस्पताल का एग्रीमेंट किया है। आंदोलन में आज विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश सिंह और भाजपा नेता रामेश्वर पांडे ने भी आकर समर्थन दिया। इसके अलावा अपना परिवार के संस्थापक पुरुषोत्तम भट्ट, जीएच स्वैनी और दिनेश चमोली ने भी अपना समर्थन दिया।



### मुख्यमंत्री स्वर्गीय रावत की बेटियों से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत की पुत्रियों से हरिद्वार के वीआईपी घाट पर भेंट की।

# विशेषाधिकार हनन के मामले को लेकर गर्माया सदन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विधायकों के विशेषाधिकार हनन के मामलों को लेकर सदन गर्माया रहा। विपक्ष के साथ ही सत्ता पक्ष के कुछ विधायकों ने जानना चाहा कि कि विशेषाधिकार हनन के प्रकरणों में पूर्व में पीठ ने जो विनिश्चय दिए थे, उनपर क्या कार्यवाही हुई। उनका ये भी आरोप था कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की बातों को सुनते नहीं है। इसे लेकर सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई। विपक्ष ने कोरम पूरा न होने की बात कहते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। तब सदन में सत्ता पक्ष के चार विधायक ही मौजूद थे। इससे पहले बीते रोज बेरोजगारी को लेकर सदन के भीतर राजनीति गर्मा गई। प्रश्नकाल के दौरान रोजगार और बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के विधायकों और कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री डा हरक सिंह रावत के बीच तीखी नोकझोंक और झड़पें हुईं। राज्य में बेरोजगारी दर देश में सर्वोच्च होने के विपक्ष के आरोप को मंत्री ने नकार दिया तो विपक्ष ने सदन में रखे गए रोजगार के आंकड़ों पर सवाल उठा दिए।

मंत्री डा रावत के सात लाख को रोजगार देने के जवाब में कांग्रेस विधायकों ने इससे पहले सदन में ही 10 लाख को रोजगार देने के सरकार के वक्तव्य को लेकर हंगामा कर दिया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।